आफरी, जोधपुर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. तरुण कान्त ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान पश्चात डॉ. कान्त ने उपस्थित आफरी कार्मिकों एवं परिवारजनों को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में श्री कान्त ने संस्थान द्वारा सम्पन्न महत्त्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए संस्थान कार्मिकों को अपने-अपने क्षेत्र के कार्यों को लगन एवं ईमानदारी से कर संस्थान की प्रगति के लिए कार्य करने का आव्हान किया । के. सी. गुप्ता, सहायक निदेशक, राजभाषा एवं अनिल सिंह चौहान, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी को कार्यालय में उत्कृष्ट कार्यों के लिए निदेशक डॉ. तरुण कान्त द्वारा शुष्क वन अनुसंधान संस्थान का भा.वा.अ.शि.प. उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार 2023-24 प्रदान किया गया । श्री अजय वशिष्ठ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी को राजभाषा प्रशिक्षण में प्राप्त रजत पदक हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन के. सी. गुप्ता एवं मीता सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर राजेश कुमार गुप्ता, कुसुम लता परिहार, अजय वशिष्ठ, मीता सिंह तोमर, सोहनलाल गर्ग, , सवाई सिंह राजपुरोहित एवं आफरी परिवार के नन्हे बालक बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत एवं कविताएं प्रस्तुत की गई।आफरी खेलकुद एवं सांस्कृतिक क्लब के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलकुद प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया जिसमे आफरी कार्मिकों एंव परिवारजनों ने बढ़-चढ़ के भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक आफरी ने पुरस्कार प्रदान किए।स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्थान के समस्त अधिकारीगण/वैज्ञानिकगण/तकनीकी/गैर तकनीकी कार्मिक/शोधार्थी एंव अन्यगण उपस्थित थे।

वनस्पतयः शान्तिः
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH

वनस्पतयः शान्तिः
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND

वनस्पतयः
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY

NEVER
LOOK